**SNBP International & Sr. Secondary School, Chikhali, Pune**
Affiliation No. 1130703
**PT 4/ TERM-2 2024-25**
**Revision Worksheet Hindi**

**Grade: 5.** **Subject: Hindi**
**Prepared by: Ms.Salma**

**Topic:** मधुश्री-८) किन्नौर देश की ओर, ९) मैं मजदूर हूँ , १०) कविता-क) पावस ख) बूँदें, ११) गुल्लक में पानी, १२) वे दिन भी क्या दिन थे ,१३) कगनमल और गुलगुले, १४) कविता- हार नहीं होती व्याकरण- क्रिया, विराम चिह्न, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, पत्र-लेखन, कहानी लेखन, अनुच्छेद लेखन, संवाद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, पद्यांश

---

खंड-अ

प्रश्न-१) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

राहुल और उसकी बहन रिया बहुत अच्छे दोस्त थे। वे हमेशा एक साथ खेलते थे और घर के कामों में भी एक-दूसरे की मदद करते थे। एक दिन उनकी माँ ने उन्हें बगीचे में पौधे लगाने के लिए कहा। राहुल और रिया ने बहुत ध्यान से पौधे लगाए और उन्हें पानी दिया। थोड़े समय बाद, उन पौधों से छोटे-छोटे फूल और फल लगने लगे। यह देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। वे समझ गए कि मेहनत से हर काम अच्छा होता है और अगर हम समय देते हैं तो किसी भी काम में सफलता मिलती है।

१) राहुल और रिया कैसे दोस्त थे?

क) अच्छे ख) बुरे ग) छोटे घ) इनमें से कोई नहीं

२) राहुल और रिया ने क्या काम किया था?

क) किताबें पढ़ी ख) पौधे लगाए ग) खाना पकाया घ) चित्र बनाए

३) पौधे लगाने के बाद क्या हुआ?

क) पौधे मरे ख) पौधे बड़े नहीं हुए ग) पौधे गिर गए घ) फूल और फल लगे

४) राहुल और रिया ने एक-दूसरे की किस चीज़ में मदद की?

क) खेल में ख) पढ़ाई में ग) घर के कामों में घ) इनमें से कोई नहीं

५) इस पाठ से हमें कौन-सा संदेश मिलता है?

क) समय बर्बाद करें ख) मेहनत से सफलता मिलती है ग) खेल में ध्यान लगाए घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-२) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

नीलू को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। वह रोज़ नई-नई कहानियाँ पढ़ती थी। उसकी माँ उसे पुस्तकालय ले जाती थीं, जहाँ से वह अपनी पसंदीदा किताबें लाती थी। नीलू को परी कथाएँ और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ना बहुत अच्छा लगता था। उसकी टीचर भी उसकी इस आदत की सराहना करती थीं। नीलू का सपना था कि वह बड़ी होकर एक लेखिका बने और अपनी किताबें खुद लिखे।

१) नीलू को क्या करने का शौक था?

क) गाने का   ख) खेल-कूद का   ग) किताबें पढ़ने का   घ) टीवी देखने का

२) नीलू कहाँ से किताबें लाती थी?

क) दुकान से   ख) स्कूल से   ग) पुस्तकालय से   घ) अपने दोस्तों से

३) नीलू रोज़ क्या पढ़ती थी?

क) नई-नई कहानियाँ   ख) पुरानी किताबें   ग) मैगज़ीन   घ) इनमें से कोई नहीं

४) नीलू की कौन-सी किताबें पसंदीदा थीं?

क) विज्ञान की   ख) इतिहास की   ग) परी कथाएँ और ज्ञानवर्धक   घ) गणित की

५) नीलू का क्या बनने का सपना था?

क) डॉक्टर   ख) लेखिका   ग) अध्यापक   घ) इंजीनियर

प्रश्न-३) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-

१) "राम गेंद से खेल रहा है" वाक्य में कौन-सा शब्द क्रिया है?

क) राम   ख) गेंद   ग) खेल रहा है   घ) से

२) "सीता खा रही है" वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

क) अकर्मक क्रिया   ख) सकर्मक क्रिया   ग) विशेषण   घ) इनमें से कोई नहीं

३) "बच्चे बगीचे में खेलते हैं" वाक्य में क्रिया का कौन-सा भेद है?

क) संज्ञा   ख) सर्वनाम   ग) सकर्मक क्रिया   घ) अकर्मक क्रिया

४) "आग" शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) पेड़ ख) पानी ग) अग्नि घ) हवा

५) “सूरज” शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) सम्राट ख) दिनकर ग) जल घ) नदी

६) “गुरू” शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

क) सूरज ख) पेड़ ग) नौकर घ) शिक्षक

७) “अच्छा” शब्द का विलोम शब्द क्या है?

क) बुरा ख) जल ग) रोशनी घ) सूरज

८) “दूर” शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

क) दिन ख) नीचे ग) पास घ) आगे

९) “धनी” शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

क) सच ख) असत्य ग) न्याय घ) गरीब

१०) “आकाश-पाताल एक करना” मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

क) कड़ी मेहनत करना ख) भाग जाना ग) हैरान रह जाना घ) परेशान करना

११) “आग बबूला होना” मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

क) परेशान करना ख) भाग जाना ग) सो जाना घ) बहुत गुस्सा होना

१२) “आम के आम गुठलियों के दाम” लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

क ) न्याय करना ख) दोष लगाना ग) दोहरा लाभ होना घ) भाग जाना

१३) “मुझे लाल नीला और पीला रंग पसंद है”। वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न आएगा?

क) अल्पविराम चिह्न ख) प्रश्नवाचक चिह्न ग) पूर्ण विराम चिह्न घ) इनमें से कोई नहीं

१४) “वाह कितना सुंदर फूल है”। वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न आएगा?

क) प्रश्नवाचक चिह्न ख) अल्पविराम चिह्न ग) योजक चिह्न घ) विस्मयादिबोधक चिह्न

प्रश्न-४) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

गाय- अरे कगनमल, दूध कहाँ से दूँ तुझे। मैं तो खुद भूखी हूँ। पहले मेरे लिए घास लाओ। घास खाऊँगी। पेट में कुछ जाए तभी तो दूध दूँगी।

कगनमल- अच्छा-अच्छा गाय माता! अभी तुम्हारे लिए घास लाता हूँ। वैसे भी एक पंडित ने कहा था कि रविवार के दिन गाय को हरी घास खिलाने से सारे मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

१) कगनमल दूध के लिए किसके पास जाता है?

क) गाय ख) कुत्ता ग) हिरन घ) चिड़िया

२) कगनमल कौन है?

क) कुत्ता ख) हिरन ग) कौआ घ) इनमें से कोई नहीं

३) "घास खाऊँगी तो दूध दूँगी"। किसने, किससे कहा?

क) कुम्हार ने कगनमल से ख) गाय ने कौए से ग) कुत्ते ने हिरन से घ) टीले ने हिरन से

४) कौन स्वयं को भूखा बता रहा था?

क ) कुत्ता ख) हिरन ग) गाय घ) इनमें से कोई नहीं

५) किसने कहा था- गाय को हरी घास खिलाने से सारे मनोरथ सिद्ध होते हैं?

क) कुम्हार ने ख) पंडित जी ने ग) हिरन ने घ) चिड़िया ने

प्रश्न-५) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

अब अपना घूँघट खोले, कालिकाएँ झाँक रही हैं।
वसुधा पर मंद हँसी से, सुंदरता आँक रही हैं।।
वन में मयूर अब नाचे, हँस- हँस आनंद मनाएँ।
उनकी छवि देख रही है, नभ से घनघौर घटाएँ।।

१) अपना घूँघट खोलकर कौन झाँक रही हैं?

क) कालिकाएँ ख) पेड़ ग) पत्ते घ) बूँदें

२) कालिकाएँ किसकी सुंदरता आँक रही हैं?

क) तालाब की ख) समुद्र की ग) वसुधा की घ) नदी की

३) मोर कहाँ नाच रहे हैं?

क) नदी में ख) तालाब में ग) जल में घ) वन में

४) 'हँस- हँस________मनाएँ' पंक्ति में सही शब्द क्या आएगा?

क) आनंद ख) दुख ग) सुख घ) इनमें से कोई नहीं

५) आकाश से घटाएँ किसकी छवि देख रही हैं?

क) बादल की ख) वर्षा की ग) मंदिर की घ) मोर की

## खंड- ब

प्रश्न-६) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।

१) कौन धरती को सँवार रहे हैं?

क) लेखक ख) मज़दूर ग) लड़के घ) दुकानदार

२) लेखक को किसके आने की उम्मीद थी?

क) घोड़े की ख) लड़के की ग) चौकीदार के घ) बच्चों के

३) रगों में साहस कौन भरता है?

क) बादल ख) पैसा ग) मन का विश्वास घ) अनाज

४) कुछ किए बिना __________ नहीं होती।

क) जय-जयकार ख) मेहनत ग) मोती घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-७) दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

क) हिरन ने किसके साथ कुश्ती लड़ी?
ख) लेख में स्कूलों के बारे में क्या कहा गया है?
ग) जलचक्र नियमित रखने के लिए क्या उपाय करने होंगे?
घ) गोताखोर कैसे उत्साहित हो जाता है?

प्रश्न-८) दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए।

क) मैदान छोड़कर भागने का क्या अर्थ है?

ख) मीठे गुलगुले खाने के लिए कगनमल किस- किसके पास गया?

ग) कागज़ के पन्नों की किताब और टेलीविज़न के परदे पर चलने वाली किताब में से आप किसे अच्छा मानते हैं और क्यों?

खंड- क

प्रश्न-९) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लिखिए-

क) क्रिकेट मैच के विषय पर दो दोस्तों के बीच संवाद लिखिए।

अथवा

ख) 'समय का महत्व' विषय पर १००- १२० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

प्रश्न-१०) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लिखिए-

क) अपने मित्र को अपने स्कूल पिकनिक के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

ख) दिए गए संकेतों के आधार पर एक कहानी लिखिए और उसका शीर्षक भी लिखिए।

संकेत बिंदु: गरीब लकड़हारा ............ लकड़ियाँ काटकर गुज़ारा करना ........... जंगल में नदी के किनारे सूखा पेड़ काटना ............ कुल्हाड़ी नदी में गिर जाना ............ लकड़हारे का दुखी होकर किनारे पर बैठकर रोना ............ नदी से जल परी का प्रकट होना....... लकड़हारे की कहानी सुन जल परी द्वारा उसकी मदद करना ........... नदी में जाना और लकड़हारे को सोने की कुल्हाड़ी लाकर देना ............... लकड़हारे द्वारा मना कर देना ............ जल परी द्वारा चाँदी की कुल्हाड़ी लाना, लकड़हारे द्वारा फिर मना कर देना ......... मेरी तो लोहे की कुल्हाड़ी थी .......... जल परी द्वारा लोहे की कुल्हाड़ी लाना ............ लकड़हारे का खुश होना और लकड़हारे की ईमानदारी से जल परी का खुश होना ............ उसे तीनों कुल्हाड़ियाँ देना।